# नहरी सिंचाई पानी की मांग को लेकर किसान सड़कों पर उतरे, चक्का जाम

- बीकानेर के जामसर में श्रीगंगानगर नेशनल हाईवे सड़क को जाम कर उग्र प्रदर्शन किया
- संभाग के सभी जिलों में बाजार बंद रहे

**बीकानेर,** (कासं)। किसानों को नहरी पानी देने की मांग को लेकर लूणकरनसर से श्रीगंगानगर तक नेशनल हाईवे को जाम करने का प्रयास किया गया।

दरअसल किसान आनी मांगों को लेकर चक्का जाम कर रहे हैं। प्रमुख विपक्षी दलों ने एक मंच पर आकर आंदोलन शुरू किया है। जिला कलेक्टर नमृता वृष्णि से वार्ता के बाद भी चक्का जाम किया जा रहा है। किसानों ने शांतिपूर्ण तरीके से बंद रखने का आश्वासन जरूर दिया है। दोपहर बारह बजे तक बाजार में कुछ दुकानें बंद और कुछ खुली नजर आई। नेशनल हाईवे पर किसानों ने रास्ता बंद किया।

दरअसल किसान नहर को चार भागों में विभक्त कर दो बारी पानी की मांग कर रहे हैं। राज्य सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। पिछले दिनों बीकानेर, खाजूवाला व लूणकरनसर सहित कई क्षेत्रों में नहरी पानी को लेकर आंदोलन व धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके बाद भी सिंचाई विभाग ने अतिरिक्त पानी से इनकार कर दिया।

शनिवार को सुबह से ही किसानों के दल लूणकरनसर कस्बे के साथ ही आसपास के गांवों में भी सक्रिय हो गए। हर तरफ दुकानें बंद हैं और कामकाज ठप रहा। मुख्य बाजार से लेकर अंदर की गलियों तक में दुकानें बंद रही। हालांकि कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोल ली है। आवश्यक सेवाओं को वैसे ही बंद नहीं किया जा रहा।

लूणकरणसर में सिंचाई के लिए नहरी पानी देने की मांग को लेकर चक्का जाम के दौरान टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया।

किसानों ने लूणकरनसर के अलावा जामसर, बामनवाली, हंसेरा, पीपेरा, महाजन, अरजनसर में भी विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर ली है। यहां भी मुख्य मार्ग और सरकारी कार्यालयों के आगे विरोध होगा। अगर किसानों ने रास्ता रोका तो नेशनल हाईवे भी जाम हो सकता है। इस आंदोलन का नेतृत्व कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल कर रहे हैं। किसान नेता कॉ. लालचन्द भादू, पूर्व प्रधान गोविन्दराम गोदारा, धर्मवीर गोदारा, प्रभुदयाल सारस्वत, डॉ. राजेन्द्र मूंड कर रहे है। इन्हीं नेताओं के साथ कलेक्टर ने शुक्रवार को वार्ता भी की थी। लूणकरनसर के सभी बाजारों में पुलिस तैनात कर दी गई है। इसके अलावा मुख्य मार्गों पर भारी जाब्ता लगाया गया है।

पुलिस स्टेशन के आगे सुबह सवेरे से ही पुलिस का भारी बल तैनात रहा। इसके अलावा सरकारी ऑफिस के आगे, मुख्य बाजार में भी जाब्ता लगाया गया है। थानाधिकारी से सीओ और एडिशनल एसपी तक नजर रखे हुए हैं।

सिंचाई पानी की मांग को लेकर सम्पूर्ण संभाग में आन्दोलनरत किसानों का कांग्रेस पार्टी सभी जगह समर्थन कर रही है। स्थानीय नेता प्रत्येक जगह किसानों के साथ खड़े हैं। इसी क्रम में आज सुबह से ही जिला देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग और यूथ कांग्रेस देहात अध्यक्ष भंवर कूंकणा के नेतृत्व में किसानों ने बीकानेर के जामसर में श्रीगंगानगर नेशनल हाईवे सड़क को जाम कर उग्र प्रदर्शन किया। जमकर बीजेपी सरकार के विरुद्ध नारेबाज़ी की गई तथा सड़क पर टायर जलाये जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। इस अवसर पर बिशनाराम सियाग ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार हमेशा ही किसानों के प्रति असंवेदनशील रही है। पिछले काफी वर्षों से हम देख रहे हैं कि भाजपा के सत्ता में आते ही फसल उगाई या फसल पकाई के समय ही सिंचाई पानी बंद किया जाता है, जिससे फसल बर्बाद हो जाती है,यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

सियाग ने सरकार व प्रशासन को चेतावनी दी कि पानी के अभाव में यदि किसानों की फसल बर्बाद हुई तो उग्र आंदोलन के जरिए सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। फिर मामला सरकार की समझ से परे हो सकता है। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष भंवर कूंकणा ने कहा कि जब जब भी भाजपा सत्ता में आई तब तब किसानों, बेरोजगार युवाओं, मजदूरों का शोषण किया गया है। किसानों की मांगों को सरकार ने समय रहते नहीं माना तो आगामी समय में किसानों द्वारा किए जाने वाले उग्र आंदोलन के लिए सरकार जिम्मेदार होगी।

जिला संगठन महासचिव मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शन में पूनमचंद भाम्भू,श्रीकृष्ण गोदारा, सांवरलाल भादू, गिरधारी,जेठाराम लाखुसर, फरमान कोहरी,राजेश गोदारा,अरुण थोरी,अख्तर शाह,अब्दुल सतार,लक्की खान आदि सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## पुराने शीतला माता मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

**नोखा,** (कासं)। नोखा गांव में स्थित 80 वर्ष पुराने शीतला माता मंदिर का जीर्णोद्धार किया जायेगा।

शनिवार को पूर्व सरपंच मेघसिंह राठौड़ के नेतृत्व में मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए शिलालेख स्थापना की गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आयोजित पूजन कार्यक्रम में 11 दंपतियों ने भाग लिया। नए मंदिर का निर्माण नॉर्थ इंडियन शैली में किया जायेगा और इसमें सफेद संगमरमर का प्रयोग होगा। प्रसिद्ध जैन मंदिरों के निर्माण में महारत रखने वाले सोमपुरा के कारीगर इस मंदिर का निर्माण करेंगे।

नए मंदिर की लम्बाई 84 फीट, चौड़ाई 52 फीट और ऊंचाई भी 52 फीट होगी। इस भव्य निर्माण में लगभग ढाई करोड़ रूपए का खर्च आयेगा और यह परियोजना दो वर्षों में पूरी होगी। मंदिर 2026 तक बनकर तैयार हो जायेगा। मंदिर के पास स्थित शीतला माता तालाब का जीर्णोद्धार 2009-10 में मेघसिंह राठौड़ ने मनरेगा योजना के तहत करवाया था। लगभग 25 लाख रूपए की लागत से 7 बीघा क्षेत्र में फैले इस तालाब का सौन्दर्यीकरण किया गया था। 1984-85 तक गांव के लोग इसी तालाब के पानी का उपयोग करते थे। वर्तमान में टंकी की सुविधा होने के कारण तालाब का पानी मुख्य रूप से पशुओं की प्यास बुझाने के काम आ रहा है। इस अवसर पर चंपालाल पंचारिया, रामेश्वर लाल, पाबूराम सुथार, चेनाराम बैरड़, मांगू सिंह, रतन सिंह, गणेश सिंह, गुमान सिंह, ओमप्रकाश नाई, गणेश व्यास, रामलाल सोनी, मनमोहन सोनी, सुंदरलाल सोनी, मदन गोदारा, पवन आदि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### बाल साहित्य पुस्तक प्रदर्शनी

विद्यार्थियों ने बाल साहित्य दिशा एवं दशा कार्यक्रम में पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। अजित फाउण्डेशन द्वारा बाल साहित्य पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन पर नवीन प्रकाशित बाल साहित्य पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पुस्तक प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर शिक्षाविद् राजेश रंगा ने कहा कि वर्तमान समय में शैक्षणिक पुस्तकों के साथ-साथ कहानियां एवं कविताओं कि पुस्तकें भी बच्चों को पढनी चाहिए। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम के संचालक आशीष रंगा ने बताया कि बाल साहित्य पुस्तक प्रदर्शनी करूणा इंटरनेशनल एवं अजित फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। अजित फाउण्डेशन के चल पुस्तकालय संचालक मनोज श्रीमाली ने बताया कि प्रदर्शनी के दौरान कहानियां, कविताएं, नाटक, चित्र बाल कथाएं एवं अन्य विधाओं पर प्रकाशित बाल साहित्य की पुस्तकें प्रदर्शनी के दौरान प्रदर्शित की गई। अजित फाउण्डेशन कार्यक्रम समन्वयक संजय श्रीमाली ने कहा कि संस्था द्वारा शहर की विभिन्न विद्यालयों में बाल साहित्य की पुस्तकों की प्रदर्शनी आयोजित कर बच्चों में पुस्तक पढने की प्रवृति का विकास करना है। कार्यक्रम के दौरान साहित्यकार प्रेम कुमार व्यास ने कहा कि पुस्तकें हमें समाज से जोडने का एक सशक्त माध्यम है। इसलिए बच्चों में पुस्तक पढ़ने की प्रवृति का विकास कारण बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के इसी क्रम में 16 फरवरी को सायं 5 बजे आशा शर्मा का वर्तमान समय में बाल साहित्य दिशा एवं दशा विषय पर संस्था सभागार में संवाद आयोजित होगा।

### अवैध हथियार सहित पकड़ा

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ सिटी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान शाम को एक युवक को 315 बोर अवैध देसी कट्टे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उस पर थाना में मामला दर्ज किया है। हैड कांस्टेबल सुनील कुमार बाबल ने बताया कि एसपी गौरव यादव के आदेशानुसार जिले में अवैध हथियारों की धरपकड़ और अपराधियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान पुलिस की टीम शुक्रवार शाम को गश्त के दौरान उप कारागृह में चूना रोड पर पहुंची। जहां एक युवक संदिग्ध हालत में चहल कदमी कर रहा था। इस पर वे मौके पर पहुंचे तो पुलिस वाहन देख एक युवक ने भागने की कोशिश की। इस पर जाप्ते ने युवक को पकड़ा। जहां तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर अवैध देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अमित (19) निवासी सूरतगढ़ होना बताया। उसे गिरफ्तार करते हुए थाना में आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

### पेयजल के लिए 26 करोड़ के टेंडर

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा द्वारा लूणकरनसर विधानसभा के लोगों को पेयजल की दिशा में बड़ी सौगात दी है। लूणकरनसर कस्बे में दो उच्च जलाशयों का निर्माण करवाया जायेगा। इससे कस्बेवासियों की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान होगा। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के तहत लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र के 27 गांवों के घर-घर में पीने का पानी पहुंचाने की दिशा में 26 करोड़ 34 लाख रूपए की निविदा जारी करवाई गई है। इससे शहरों की तर्ज पर ही ग्रामीण क्षेत्र में भी लोगों को घर बैठे पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। पिछले दो वर्षों से जल जीवन मिशन में संवेदक द्वारा कार्य अधूरा पड़ा था। सरकार बनने के साथ ही संवेदनशीलता के साथ जल जीवन मिशन योजना के बंद कार्यों को निरस्त कर पुनः निविदा जारी कर गांवों में पेयजल पहुंचाने की दिशा में कार्य किया गया है। जलदाय विभाग द्वारा गांव-गांव, ढाणी-ढाणी में स्ट्रक्चर खड़ा करके नल कनेक्शन दिए जायेंगे, जिससे हर घर नल से जल का सपना साकार होगा। विभाग द्वारा 18 मार्च तक 27 गांवों में निविदा निकाल कर साल के आखिर तक कार्य पूरा होने से लूणकरणसर विधानसभा में बड़े पैमाने पर पीने के पानी की समस्या का समाधान होगा।

# 30 दिन की नहरबंदी, अप्रैल से शुरू होगी पानी की किल्लत

- बीकानेर संभाग के 3 जिलों में सिर्फ मार्च से सितंबर तक पेयजल की सप्लाई टैंकर से की जायेगी, जिस पर करीब साढ़े चार करोड़ रूपए खर्च होंगे

**बीकानेर,** (कासं)। इस साल फिर पानी को लेकर बड़ी समस्या होने वाली है। किसान सिंचाई के पानी को लेकर महापड़ाव पर बैठे हैं। उधर पंजाब हर साल 19 किमी नहर की मरम्मत में भी 60 दिन लगायेगा।

पिछले साल तक इतने समय में 30 किमी नहर की मरम्मत होती थी। यानी 30 दिन की पूर्ण नहरबंदी के कारण पानी आपूर्ति का दबाव पीएचईडी पर आयेगा। इसलिए बीकानेर संभाग के 3 जिलों में सिर्फ मार्च से सितंबर तक पेयजल की सप्लाई टैंकर से की जायेगी। जिस पर करीब साढ़े चार करोड़ रूपए खर्च होंगे। मार्च से पानी की मांग बढ़ जाती है। रोजमर्रा के कामों के साथ ही कूलर ज्यादा पानी मांगते हैं। एक परिवार के खर्च के बराबर घरों में कूलर पानी खर्च करते हैं। चार सदस्यों वाले परिवार में सर्दी की तुलना में तीन गुना ज्यादा पानी की खपत होती है। पानी दोगुने से ज्यादा मिल नहीं पाता। इसलिए किल्लत होती है। हालांकि नहरबंदी के दौरान पीएचईडी बीछवाल और शोभासर जलाशय में पूरा पानी भरकर रखता है। मगर शहर में सिर्फ 18 दिन का पानी है। पूर्ण नहरबंदी 30 दिन की होगी। ऐसे में ओवर हुए 12 दिन जलापूर्ति के लिए अगर नहरों में पानी भरकर ना रखा तो कटौती होनी तय है।

इससे पहले तक रेग्युलेशन विंग के जो अधीक्षण अभियंता थे वे शहर की मांग को समझते हुए गजनेर लिफ्ट और कंवरसेन लिफ्ट में पानी भरकर रखते थे। बीछवाल और शोभासर जलाशय खाली होने पर पानी की सप्लाई हो जाती थी। इससे कटौती नहीं होती थी। इस बार अधीक्षण अभियंता बदल गए तो अब गजनेर लिफ्ट और कंवरसेन में पानी भरकर शहर को दिया जायेगा। कहना मुश्किल है। पीएचईडी ने टेल की समस्याओं को ठीक करने के लिए करीब 15 नई टंकियां बनवानी शुरू की।

नहरबंदी शुरू होने से पहले करीब 9 नई टंकियों को शुरू कराने की कोशिश की है ताकि टेल इलाकों में समस्या ना हो। शहर में 29 ऐसे टेल इलाके हैं जहां नहरबंदी और गर्मियों में किल्लत होती है।

## कार से टकराकर 10 फीट उछला

**नोखा,** (कासं)। कार से टकराकर बाइक सवार मैकेनिक 10 फीट उछलकर सड़क पर गिरा। दोनों वाहन चालक चौराहे को क्रॉस कर रहे थे। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी आया है, जिसमें कार की टक्कर लगते ही मैकेनिक उछलकर सामने सड़क पर गिरता दिखाई दे रहा है। घटना नोखा के राठी स्कूल चौराहे पर शुक्रवार शाम की है।

पार्षद हनी गर्ग ने बताया कि मोहनपुरा बास का रहने वाला कुशाल राणा अम्बेडकर सर्किल पर बाइक मैकेनिक का काम करता है। वह शाम को बाइक पर घर लौट रहा था। इस दौरान राठी स्कूल चौराहे पर कार से टकरा कर गिर गया। स्थानीय लोग उसे नजदीकी हॉस्पिटल में लेकर गए जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत होने पर पीबीएम हॉस्पिटल रैफर कर दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि राठी स्कूल चौराहा दुर्घटनाओं का हॉट स्पॉट बन चुका है। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

# जेल में सिम ले जाते होमगार्ड को पकड़ा

- होमगार्ड की एक महीने से अंदर जेल में ड्यूटी है, उसकी जेब से एक सिम बरामद हुई

**बीकानेर,** (कासं)। आरएसी के जवानों ने जेल में सिम ले जा रहे अरबन होमगार्ड को पकड़ा है। पुलिस जांच करेगी कि वह सिम जेल में क्यों और किसके लिए ले जा रहा था।

सलूंडिया गांव निवासी अरबन होमगार्ड जेठाराम जाट की जेल के अंदर ड्यूटी है। वह करीब एक माह से जेल में तैनात है। 12-13 फरवरी की रात को 2 बजे से सुबह 10 बजे तक होमगार्ड की ड्यूटी थी। वह ड्यूटी के लिए जेल पहुंचा तो मुख्य द्वार के बाहर आरएसी के जवानों ने उसकी चैकिंग की। होमगार्ड के खाकी कोर्ट की जेब से एक सिम बरामद हो गई।

इस संबंध में जेल के अधिकारियों को जानकारी दी गई। प्रहरी राकेश कुमार मेघवाल की ओर से बीछवाल पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

मामले की जांच कर रहे एएसआई सुरेश कुमार यादव ने बताया कि ड्यूटी पर पहुंचे जेठाराम के पास एक मोबाइल था जो उसने मुख्य द्वार के बाहर रख दिया था। उसके बाद अंदर जाते समय चैकिंग में उसके कोट की जेब से सिम बरामद हुई। सिम जब्त कर ली है और पुलिस जांच करेगी कि वह जेल में सिम क्यों ले जा रहा था।

पता चला है कि उसके गांव सलूंडिया निवासी निहालचंद बिश्नोई हत्या के मामले में जेल में बंद है। आशंका है कि होमगार्ड से बरामद सिम निहालचंद के लिए जेल में ले जाई जा रही थी। पुलिस सिम और उससे किए गए कॉल की डिटेल निकलवायेगी।

# भीनासर मुरली मनोहर मंदिर की सुध ली

- मुरली मनोहर मंदिर के गिरे हिस्से को ढहाने व मलबा हटाने पर 5 लाख रूपये खर्च होंगे, प्रपोजल मुख्यालय भेजा

**बीकानेर,** (कासं)। पिछले साल अगस्त में मानसूनी बारिश के दौरान गिरे भीनासर के मुरली मनोहर मंदिर के महलायत को गिराने के लिए देवस्थान विभाग ने सुध ली है।

इसके लिए विभाग के उदयपुर ऑफिस से एक इंजीनियर बीकानेर पहुंचा। उन्होंने मंदिर के उस हिस्से को देखा और उसे गिराने की रिपोर्ट तैयार की लेकिन यह हिस्सा कब तक गिराया जायेगा अभी तक यह तय नहीं हो पाया है। देवस्थान विभाग ने इस साल 19 फरवरी को आने वाले राज्य बजट से पहले अपने क्षतिग्रस्त मंदिरों का तख्मीना बनाने के लिए इंजीनियर को जिलों में भेज रहा है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को देवस्थान विभाग की उदयपुर ऑफिस से वरिष्ठ प्रारूपकार खुमानसिंह बीकानेर पहुंचे। उन्होंने निरीक्षक सोनिया रंगा के साथ मंदिर का निरीक्षण किया और मंदिर के गिरे हिस्से को ढहाने की रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट के अनुसार मंदिर के महलायत और उससे सटे एरिया को गिराने और उसका मलबा उठाने पर करीब पांच लाख रूपए का खर्चा आयेगा।

## सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा शुरू

**नोखा,** (कासं)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई। पहले दिन कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी का मुख्य पेपर दिया।

निजी स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जहां कक्षा दसवीं के 85 और बारहवीं के 29 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। केन्द्र अधीक्षक मीनू सिंह ने बताया कि परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं सोमवार से शारीरिक शिक्षा विषय के साथ प्रारंभ होंगी। दोनों कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होकर 4 अप्रैल तक चलेंगी। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर समय पर पहुंचने और परीक्षा नियमावली का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नोखा में जिला परिषद उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी जीता

- भाजपा के आयुष भादू ने 1945 वोटों से निकटम प्रतिद्वंदी को हराया
- भाजपा प्रत्याशी को 6537 वोट मिले जबकि कांग्रेस को 4592 वोट तथा रालोपा को 2288 वोट मिले

**नोखा,** (कासं)। बीकानेर में जिला परिषद उपचुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से सीट छीनकर बड़ी जीत हासिल की है। कांग्रेस के पूर्व विजेता प्रत्याशी शंकरलाल भादू के निधन के बाद हुए इस उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आयुष भादू ने 1945 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की।

मतगणना के दौरान भाजपा को 6537 वोट मिले। जबकि कांग्रेस को 4592 वोट प्राप्त हुए। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को 2288 वोट मिले। इस चुनाव में 123 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। विजय के बाद आयुष भादू नोखा पहुंचे, जहां पूर्व विधायक बिहारी लाल बिश्नोई के आवास पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता बिहारीलाल बिश्नोई ने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के केन्द्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रदेश नेतृत्व की नीतियों का परिणाम बताया। उन्होंने सभी मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए आगामी पंचायत राज चुनावों के लिए तैयार रहने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में शहर भाजपा अध्यक्ष गंगाराम पारीक, पांचू अध्यक्ष करणाराम, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक बिहारी लाल बिश्नोई ने विजयी प्रत्याशी आयुष भादू का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। रिछपाल फौजी, सुभाष खारा, हरीश भादू, बनवारी, अशोक, महेन्द्र भादू, बाबूलाल भांभू, हरिकिशन भांभू, केशुपुरा, पुखराज सोनी मौजूद थे।

## सिंचाई पानी के लिए हाईवे जाम

**अनूपगढ़,** (कासं)। सिंचाई के पानी की मांग को लेकर किसानों ने शनिवार सुबह बीकानेर-श्रीगंगानगर हाईवे को जाम कर दिया। 13-एमडी टोल नाके समेत पांच जगह किसान धरने पर बैठे हैं। किसानों का कहना है कि अनूपगढ़ शाखा नहर में किसानों के हक का पूरा पानी छोड़ा जाए। मांगें नहीं माने जाने तक धरना जारी रहेगा। या तो यहां से पानी लेकर जायेंगे या फिर जेल जायेंगे। इस दौरान रावला के किसान श्रवण सिंगाठिया ने गाना गाकर किसानों का हौसला बढ़ाया। दरअसल किसान इंदिरा गांधी नहर परियोजना के प्रथम चरण के किसान सिंचाई के लिए पानी की मांग कर रहे है। इसे लेकर शनिवार सुबह करीब 11 बजे नेशनल हाईवे 911 पर अनिश्चितकालीन जाम शुरू कर दिया है। रावला, घड़साना और जैतसर सहित विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर रास्ता बंद कर दिया है। किसान नेता सत्यप्रकाश सियाग का कहना है कि अनूपगढ़ शाखा में 2400 क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है, लेकिन चीफ इंजीनियर ने जानबूझकर पानी कम छोड़ा है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**संख्या 203 to 206-24-25**

पत्रांक- 1000-W/Imp Water Supply System/2024 दिनांक- 14.02.2025

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 10.03.2025 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्या : 203 कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़-प्रथम के अधीन हनुमानगढ़-सूरतगढ़ खण्ड पर 8 किमी. सेस के इम्प्रूवमेन्ट एवं हाई बैंक की पिचिंग का कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 42083634.36 **धरोहर राशि :** Rs. 360400.00 **निविदा संख्या : 204 कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर / लाईन के नियंत्रण में बीकानेर मंडल पर 356 नम्बर ग्लूड जोईण्टस के रिन्यूअल करने का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 3876492.02 **धरोहर राशि :** Rs. 77500.00 **निविदा संख्या : 205 कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मण्डल इंजीनियर, सूरतगढ़ के अधीन सूरतगढ़-अनूपगढ़ खण्ड पर फ्लश बट्ट वेल्डिंग का कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 12115314.86 **धरोहर राशि :** Rs. 210600.00 **निविदा संख्या : 206 कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, सूरतगढ़ के अधीन सूरतगढ़, महाजन, राजियासर, अनूपगढ़, श्रीबिजयनगर, कल्याणकोट, भगवानसर, सरूपसर स्टेशनों पर स्थित रेलवे कॉलोनी में पानी की आपूति में सुधार करना तथा अन्य विविध कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 9393876.14 **धरोहर राशि :** Rs. 187900.00 **नोटः-** अन्य शर्ते रेलवे वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**191-CR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# भट्टे पर 12 फीट ऊंची पक्की ईंटों की दीवार गिरने से मजदूर घायल

- ईंट भट्टे पर काम कर रहे मजदूर के जबड़े की हड्डी टूटी

**अनूपगढ़,** (कासं)। गांव 87 जीबी में स्थित एक ईंट भट्टे पर 12 फीट ऊंची पक्की ईंटों की दीवार गिर गई। जिससे एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार की है।

राजूराम के पिता झाबर मेघवाल ने बताया कि गांव 87 जीबी में एक ईंट भट्टे पर राजूराम मेघवाल (25) पर अचानक करीब 12 फीट ऊंची पक्की ईंटों की दीवार गिर गई। जिससे राजूराम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय राजूराम ईंटों को व्यवस्थित करने का काम कर रहे था। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने राजूराम को अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर गंभीर हालत होने पर राजू को बीकानेर रैफर कर दिया गया। हादसे में राजूराम के जबड़े की हड्डी टूट गई है और गर्दन में भी गंभीर चोट आई है।

ईंट भट्टे की दीवार गिरने से घायल मजदूर राजूराम के जबड़े की हड्डी टूटने पर उसे बीकानेर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

सूचना मिलते ही हैड कांस्टेबल महावीर बिश्नोई अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। हालांकि अभी तक घायल के परिजनों की ओर से कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

**बेकाबू कार खंभे से टकराई :** अनूपगढ़ में नेशनल हाईवे 911 पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। गांव 87 जीबी के पास सामने से गलत दिशा में आ रहे बाइक चालक को बचाने की कोशिश में एक कार बिजली के खंभे से टकरा गई और सड़क किनारे रोही में पलट गई। हादसे में कार में सवार गुरदास सिंह (निवासी 7 जीएम घड़साना) गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि कार चालक निशान सिंह को मामूली चोटें आई। घटना उस समय हुई जब निशान सिंह अपने भाई गुरदास सिंह के साथ समेजा कोठी में एक शादी समारोह में जाने के लिए सामान लेकर जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का खंभा भी टूटकर नीचे गिर गया। घायलों को तत्काल निजी वाहन से अनूपगढ़ सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

## कमल रंगा को राजेन्द्र भण्डारी पुरस्कार

**बीकानेर,** (कासं)। देश की प्रतिष्ठित संस्था साहित्य मंडल श्रीनाथद्वारा में आगामी 20 व 21 फरवरी को राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जायेगा।

राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा को राष्ट्रीय स्तरीय राजेन्द्र कुमार भण्डारी-2025 पुरस्कार एक भव्य समारोह में अर्पित किया जायेगा। संस्था के श्याम देवपुरा ने बताया कि कमल रंगा को अर्पित होने वाले इस पुरस्कार-सम्मान स्वरूप 3100 रूपये नगद राशि के साथ शॉल, अभिनंदन पत्र, प्रतीक चिन्ह आदि अतिथियों द्वारा प्रदत्त किए जायेंगे। ज्ञात रहे कि कमल रंगा भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय की स्वायत्त संस्थान साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के मुख्य राष्ट्रीय पुरस्कार एवं अनुवाद पुरस्कार के साथ राजस्थानी अकादमी के गद्य पुरस्कार के अलावा नगर न्यास, नगर निगम बीकानेर एवं अनेक प्रतिष्ठित संस्थाओं से पुरस्कृत-सम्मानित हो चुके हैं।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियोजन/2025/127 दिनांक : 14.02.2025

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि सुखाड़िया नगर, सैक्टर नं. 2 में स्थित में डाक विभाग को न्यास क्रमांक टीपी/170 दिनांक 21.12.1983 द्वारा माप 7441.53 वर्गमीटर का भूखण्ड आवासीय क्वॉर्टर निर्माण हेतु आवंटित किया गया था। भूखण्ड माप 7441.53 वर्गमीटर में से उत्तरी-पूर्वी कॉर्नर 437 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर आवासीय से राजकीय उपयोग हेतु पार्सल हब, डाक घर प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय आरक्षित है।

राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान / जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से राजकीय प्रयोजनार्थ पार्सल हब, डाक घर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**- सचिव नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**